Need to provide compensation and employment to farmers affected due to land acquisition by NTPC-laid

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) **:** एन.टी.पी.सी. टाण्डा जिला अम्बेडकरनगर उत्तर प्रदेश के विस्तारीकरण के अन्तर्गत ग्राम- सलाहपुर रजौर, हुसेनपुर सुधाना, सम्हरिया, शरीफरपुर, ककराही आदि ग्रामों के किसानों की जमीन अधिग्रहण की गयी एवं ग्राम सलाहपुर रजौर, हुसेनपुर सुधाना आदि कई ग्रामों के लगभग 500 घरों को बिना पुनर्वास हेतु भूमि दिए बिना ही अधिग्रहण कर लिया गया है । लगभग 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी लगभग 86 व्यक्तियों के मकान गिरा दिये जाने के बाद भी न तो पुनर्वास हेतु भूमि दी गई तथा न ही मुआवजा दिया गया । इसी तरह से लगभग 100 किसानों के कृषि भूमि का भी मुआवजा नही दिया गया । प्रभावित कृषकों को एन.टी.पी.सी. के अन्तर्गत आऊट सोर्सिंग के रोजगार दिये जाने का कार्य भी नही किया गया है । जिसके कारण प्रभावित कृषकों में आक्रोश व्याप्त है । अस्तु इस लोक महत्व के अविलम्बनीय प्रश्न पर सरकार से कार्यवाही किये जाने की मांग करता हूं ।